कंगना रनौत ने इमरजेंसी फिल्म के प्रमोशन के लिए के. आर.मंगलम विश्वविद्यालय में की शिरकत

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

गुरुग्राम। बॉलीवुड की स्टार अभिनेत्री एवं बीजेपी सांसद कंगना रनौत के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय में अपनी आगामी फिल्म इमरजेंसीके प्रमोशन के लिए शिरकत की। उन्होंने बताया कि इमरजेंसी एक ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म है, जो 1975 में लगे आपातकालीन स्थिति पर आधारित है। फिल्म में कंगना रनौत ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और यह उनके कैरियर की एक महत्वपूर्ण पेशकश मानी जा रही है।

कार्यक्रम के दौरान कंगना ने फिल्म के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और फिल्म के निर्माण की चुनौतियों और अनुभवों के बारे में बात की। उन्होंने कहा, मैं के. आर. मंगलम विश्वविद्यालयमें आकर बेहद खुशी महसूस कर रही हूं। उन्होंने बताया कि इमरजेंसी एक ऐसे कालखंड को दर्शाती है जिसने हमारे देश के इतिहास को प्रभावित किया, इस फिल्म की कहानी की गहराई और इसके पीछे की सच्चाई को साझा करना मेरे लिए गर्व की बात है।

कंगना ने फिल्म के साथ-साथ सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर भी चर्चा की और युवाओं से आग्रह किया कि वे इतिहास से सीखें और देश की दिशा को सुधारने में योगदान दें।इस कार्यक्रम में कंगना और फिल्म की टीम ने फिल्म के विशेष दृश्यों को भी प्रस्तुत किया, जिन्हें दर्शकों ने सराहा।

विश्वविद्यालय के छात्रों ने कंगना से फिल्म और उनके अभिनय के बारे में सवाल किए, जिनका उन्होंने खुलकर जवाब दिया।

विदित है कि इमरजेंसी फिल्म 15 सितंबर 2024 को रिलीज होने वाली है और इस इवेंट ने फिल्म के प्रति दर्शकों की उत्सुकता को और भी बढ़ा दिया है।